भारत सरकार

ग्रामीण विकास मंत्रालय

ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1387

(09 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए)

पीएमजीएसवाई के तहत करौली-धौलपुर

1387. श्री भजन लाल जाटव:

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) करौली-धौलपुर में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत अब तक सम्मिलित न किए गए गांवों का ब्यौरा और संख्या क्या है; और

(ख) तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

ग्रामीण विकास राज्य मंत्री

(श्री कमलेश पासवान)

(क) और (ख) प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) को एक बारगी विशेष कार्यकलाप के तौर पर शुरू किया गया था, ताकि कार्यक्रम के दिशा निर्देशों में उल्लेखित निर्धारित आबादी वाली उन पात्र सड़क संपर्करहित बसावटों को, जो अभी तक सड़क संपर्कता से नहीं जुड़ी थी, को बारहमासी एकल सड़क संपर्कता द्वारा ग्रामीण संपर्कता प्रदान की जा सके। इस योजना ने पीएमजीएसवाई- I, II और III के अंतर्गत सड़क परियोजनाओं की मंजूरी के लिए अपनी समयसीमा पूरी कर ली है। पीएमजीएसवाई की इकाई बसावट है, गांव नहीं। पीएमजीएसवाई के तहत, सड़क परियोजनाओं को संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र से प्राप्त परियोजना प्रस्ताव के आधार पर और कार्यक्रम दिशा निर्देशों के अनुसार जांच के बाद स्वीकृति दी जाती है।

पीएमजीएसवाई के अंतर्गत करौली और धौलपुर जिलों द्वारा अब तक की गई प्रगति नीचे तालिका में दी गई है:

	स्वीकृत			पूर्ण			(रुपए करोड़ में)
जिले	**सड़कों की संख्या**	**सड़क लंबाई कि. मी.**	**पुलों की संख्या**	**सड़कों की संख्या**	**सड़क लंबाई कि. मी.**	**पुलों की संख्या**	**व्यय (राज्यांश सहित)**
करौली	313	1199	4	313	1102	4	265.84
धौलपुर	283	1139	0	283	1051	0	279.65

पीएमजीएसवाई के तहत अब तक करौली ज़िले में 250 और धौलपुर ज़िले में 236 बसावटों को जोड़ा गया है।

इसके अलावा, सरकार ने सितंबर 2024 में एक नया घटक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-IV (पीएमजीएसवाई-IV) शुरू किया है, जिसका उद्देश्य जनगणना 2011 के अनुसार लगभग 25,000 पात्र सड़क संपर्करहित बसावटों को सड़क संपर्कता प्रदान करने के लिए 62,500 कि. मी. बारहमासी सड़कें बनाना है। इनमें मैदानी इलाकों में 500+ आबादी वाली बसावटों, उत्तर-पूर्वी और पहाड़ी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों, विशेष श्रेणी वाले क्षेत्र (जैसे जनजातीय अनुसूची V क्षेत्र, आकांक्षी जिले/ब्लॉक और रेगिस्तानी क्षेत्र), में 250+ आबादी वाली बसावटों और वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित जिलों में 100+ आबादी वाली बसावटें शामिल हैं।

करौली और धौलपुर जिलों में, राज्य सरकार ने क्रमश: 7 और 1 बसावटों को सड़क संपर्करहित बसावटों के तौर पर मैप किया है। सड़क परियोजनों को राज्य से मिले प्रस्ताव के आधार पर और पीएमजीएसवाई की दिशा निर्देशों में निर्धारित पूर्ण जांच के बाद स्वीकृती दी जाती है।

******